# कीर्तन में प्रभु आए है आये हैं श्याम आए है भजन लिरिक्स

कीर्तन में प्रभु आए है,
आए हैं श्याम आए है,
श्री श्याम के दर्शन पाइये,
और जय जयकार लगाइये,
कीर्तन में प्रभु आये है,
आये हैं श्याम आये है।bd।

तर्ज – धीरे धीरे बोल कोई।

---

कितना सुन्दर सजा श्याम दरबार,
दो नैनो से बरस रहा है प्यार,
आनंद ही आनंद है,
प्रभु का यहाँ प्रबंध है,
कैसे ये निराले ठाठ हैं,
आए जग के सम्राट हैं,
कीर्तन में प्रभु आये है,
आये हैं श्याम आये है।bd।

---

श्यामधणी की लीला बड़ी महान,
प्रेमी करते महिमा का गुणगान,
कोई नाचते कोई झूमते,
कोई चरण को चूमते,
कोई झोली खड़ा पसार के,
कोई आया जग से हार के,
कीर्तन में प्रभु आये है,
आये हैं श्याम आये है।bd।

---

अपने अपने भावों की है बात,
किसी को दर्शन होते हैं साक्षात,
कोई पास है, कोई दूर है,
कुछ पर कृपा, भरपूर है,
कहीं प्रेम का झरना टूट रहा,
कोई मौज प्रभु की लूट रहा,
कीर्तन में प्रभु आये है,
आये हैं श्याम आये है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जिसे ढूंढने भटक रहा इंसान,
कीर्तन में मिल जाते हैं भगवान,
'पूनम' अगर, सच्ची लगन,
मिल जाएंगे, तुझको सजन,
'बिन्नू' जो भी रम जाएगा,
वो श्याम के दर्शन पाएगा,
कीर्तन में प्रभु आये है,
आये हैं श्याम आये है।bd।

---

कीर्तन में प्रभु आए है,
आये हैं श्याम आए है,
श्री श्याम के दर्शन पाइये,
और जय जयकार लगाइये,
कीर्तन में प्रभु आये है,
आये हैं श्याम आये है।bd।

**Singer – Poonam Sharma**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com